जसुदा के जनमो ललनवा पलनवा झुलावे हो सोहर गीत

जसुदा के जनमो ललनवा,
पलनवा झुलावे हो,
अरे रामा घर घर बाजे रे बधाई,
सोहर सखी गावैं हो।bd।

अरे रामा द्वारे पे नन्द बाबा आए,
वै सोनवा लुटावैं हो,
रामा दीन्हेउ द्विजन बहु दान,
भोजन करवावैं हो।bd।

अरे रामा द्वारे पे भोले बाबा आए,
अघोरी बनि आए हो,
रामा दासी से लियो नहीं दान,
जसोदा को बोलावैं हो।bd।

अरे बाबा कि लेहो सोना चांदी,
दान कि धन या भोजनवा हो,
बाबा की लेहो गज रथ दान,
कि पट मँगवावैं हो।bd।

अरे मैया ना चाहो धन ना भोजनवा,
ना गो गज वसनवा हो,
मैया ललना को दरश देउ कराइ,
यहै मन भावै हो।bd।

लेइ आईं जसुदा ललनवा,
दरश करवावैं हो,
भोला दर्शन कियो भरि नैन,
मगन हुई जावैं हो।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जसुदा के जनमो ललनवा,
पलनवा झुलावे हो,
अरे रामा घर घर बाजे रे बधाई,
सोहर सखी गावैं हो।bd।

Singer – Indushekhar Panday
6306776170

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com